भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग

विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एबीसीएल/2012-13/01

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों में लिपिकीय संवर्ग की भर्ती

ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तारीख	:	30.07.2012
ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण की अंतिम तारीख	:	13.08.2012
ऑफ-लाइन शुल्क जमा करने की अवधि	:	01.08.2012 से 17.08.2012 तक
ऑन-लाइन शुल्क जमा करने की अवधि	:	30.07.2012 से 13.08.2012 तक
लिखित परीक्षा की तिथियां	:	07.10.2012 एवं 14.10.2012

आवश्यकता होने पर बैंक दो से अधिक तिथियों पर लिखित परीक्षा आयोजित कर सकता है.

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों में लिपिकीय संवर्ग में नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित हैं. उम्मीदवार केवल एक बैंक/राज्य में रिक्त-पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं और उस राज्य विशेष के केंद्र पर ही लिखित परीक्षा देने हेतु उपस्थित होना पड़ेगा. उदाहरण के लिए आंध्र प्रदेश में एसबीएच के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार केवल आंध्र प्रदेश से ही उपस्थित हो सकते हैं.

बैंक वार तथा श्रेणी वार रिक्त पद (अस्थायी)

अनु. क्र.	सहयोगी बैंक का नाम	श्रेणीवार					समस्तरीय आरक्षण				
							पीडब्ल्यूडी			एक्सएस	
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	डीएक्सएस	ईएक्सएस
1	एसबीबीजे	238	182	280	700	**1400**	34	18	14	63	140
2	एसबीएच	288	158	510	924	**1880**	18	18	18	81	180
3	एसबीएम	125	52	216	407	**800**	7	9	8	35	81
4	एसबीपी	295	11	260	594	**1160**	21	14	12	52	116
5	एसबीटी	295	63	660	1482	**2500**	25	25	25	109	253
	कुल	**1241**	**466**	**1926**	**4107**	**7740**	**105**	**84**	**77**	**340**	**770**

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर में राज्य-वार रिक्त पद (अस्थायी)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	कुल पीडब्ल्यूडी	डीएक्सएस	ईएक्सएस	कुल एक्सएस
राजस्थान	238	182	280	700	**1400**	34	18	14	**66**	63	140	**203**
कुल	**238**	**182**	**280**	**700**	**1400**	**34**	**18**	**14**	**66**	**63**	**140**	**203**

स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद में राज्य-वार रिक्त पद (अस्थायी)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	कुल पीडब्ल्यूडी	डीएक्सएस	ईएक्सएस	कुल एक्सएस
आंध्र प्रदेश	161	71	281	489	**1002**	10	10	10	**30**	44	98	**142**
गुजरात	0	0	2	4	**6**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
हिमाचल प्रदेश	1	0	0	1	**2**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
जम्मू और कश्मीर	0	0	1	1	**2**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
कर्नाटक	76	49	103	187	**415**	4	4	4	**12**	17	37	**54**
केरल	0	0	2	2	**4**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
मध्य प्रदेश	1	0	1	0	**2**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
महाराष्ट्र	39	38	106	212	**395**	4	4	4	**12**	18	39	**57**
राजस्थान	0	0	0	2	**2**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
तमिलनाडु	10	0	14	26	**50**	0	0	0	**0**	2	5	**7**
कुल	**288**	**158**	**510**	**924**	**1880**	**18**	**18**	**18**	**54**	**81**	**180**	**261**

स्टेट बैंक ऑफ मैसूर में राज्य-वार रिक्त पद (अस्थायी)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	कुल पीडब्ल्यूडी	डीएक्सएस	ईएक्सएस	कुल एक्सएस
कर्नाटक	104	45	175	325	**649**	6	7	7	**20**	29	65	**94**
केरल	1	0	2	4	**7**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
महाराष्ट्र	5	6	18	37	**66**	0	1	1	**2**	3	7	**10**
तमिलनाडु	15	1	21	41	**78**	1	1	0	**2**	3	8	**11**
कुल	**125**	**52**	**216**	**407**	**800**	**7**	**9**	**8**	**24**	**35**	**81**	**116**

स्टेट बैंक ऑफ पटीयाला में राज्य-वार रिक्त पदें (अस्थायी)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	कुल पीडब्ल्यूडी	डीएक्सएस	ईएक्सएस	कुल एक्सएस
आंध्र प्रदेश	1	0	2	4	**7**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
गोवा	0	0	1	0	**1**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
गुजरात	1	1	3	5	**10**	1	1	0	**2**	0	1	**1**
हिमाचल प्रदेश	13	2	10	27	**52**	1	1	1	**3**	3	5	**8**
हरियाणा	37	0	53	107	**197**	2	3	2	**7**	9	20	**29**
जम्मू और कश्मीर	1	1	2	5	**9**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
कर्नाटक	2	1	3	7	**13**	1	0	0	**1**	1	1	**2**
महाराष्ट्र	3	3	9	20	**35**	0	0	1	**1**	1	4	**5**
नई दिल्ली	5	3	9	17	**34**	0	1	0	**1**	2	3	**5**
ओडिसा	0	0	0	2	**2**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
पंजाब	230	0	166	396	**792**	16	8	8	**32**	36	79	**115**
तमिलनाडु	2	0	2	4	**8**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
कुल	**295**	**11**	**260**	**594**	**1160**	**21**	**14**	**12**	**47**	**52**	**116**	**168**

स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर में राज्य-वार रिक्त पद (अस्थायी)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	सा.	कुल	एचआई	वीआई	ओएच	कुल पीडब्ल्यूडी	डीएक्सएस	ईएक्सएस	कुल एक्सएस
आंध्र प्रदेश	5	2	8	15	**30**	0	1	0	**1**	1	3	**4**
चंडीगढ़	3	0	4	9	**16**	0	0	0	**0**	0	2	**2**
छत्तीसगढ़	3	10	2	15	**30**	0	0	1	**1**	1	3	**4**
गोवा	0	0	1	4	**5**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
गुजरात	2	4	8	16	**30**	1	0	0	**1**	1	3	**4**
हरियाणा	6	0	8	16	**30**	1	0	0	**1**	1	3	**4**
झारखंड	1	1	0	3	**5**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
कर्नाटक	10	4	16	30	**60**	1	0	1	**2**	3	6	**9**
केरल	175	17	472	1085	**1749**	18	18	18	**54**	79	175	**254**
मध्य प्रदेश	3	4	2	9	**18**	0	0	0	**0**	1	2	**3**
महाराष्ट्र	12	11	32	65	**120**	1	1	2	**4**	5	12	**17**
न्यू दिल्ली	11	5	19	36	**71**	0	1	1	**2**	3	7	**10**
ओडिसा	1	1	0	3	**5**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
पॉंडिचेरी	0	0	1	2	**3**	0	0	0	**0**	0	0	**0**
राजस्थान	1	0	1	3	**5**	0	0	0	**0**	0	1	**1**
तमिलनाडु	53	3	76	148	**280**	3	3	2	**8**	13	28	**41**
उत्तर प्रदेश	3	0	4	9	**16**	0	0	0	**0**	0	2	**2**
पश्चिम बंगाल	6	1	6	14	**27**	0	0	1	**1**	1	3	**4**
कुल	**295**	**63**	**660**	**1482**	**2500**	**25**	**25**	**25**	**75**	**109**	**253**	**362**

** पीडब्ल्यूडी/एक्सएस/डीएक्सएस के लिए समस्तरीय आरक्षण है और विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों में शामिल है.*

संक्षेपाक्षर की सूची : सा. – सामान्य श्रेणी, **अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति, **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग, **पीडब्ल्यूडी** – शारीरिक विकलांग व्यक्ति, **वीआई** – दृष्टिबाधित, **एचआई** – श्रवण बाधित, **ओएच** – अस्थि विकलांग, **ईएक्सएस** – भूतपूर्व सैनिक, **डीएक्सएस** – विकलांग भूतपूर्व सैनिक

विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण, परिणाम को अंतिम रूप देते समय प्रचलित सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा.

उपरोक्त रिक्त-पद अस्थायी हैं और बैंक(कों) की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित किए जा सकते हैं . बैंक-वार, राज्य-वार और वर्ग-वार मेरिट सूची बनाई जाएगी. आरक्षित वर्गों के उम्मीदवार हेतु आरक्षित रिक्त-पदों में बैकलॉग/बिना भरे हुए रिक्त-पद, यदि हो तो, शामिल हैं.

मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है :

1. **वेतनमान** : 7200-400/3-8400-500/3-9900-600/4-12300-700/7-17200-1300/1-18500-800/1-19300
2. **परिलब्धियां** : चयनित उम्मीदवारों को समय-समय पर नियोक्ता बैंक में प्रभावी विभिन्न नियमों /अवार्ड/ सेटलमेंट के अंतर्गत अवार्ड स्टाफ को लागू पारिश्रमिक अदा किए जाएंगे. वर्तमान में, ग्रेजुएट के लिए लिपिकीय संवर्ग कर्मचारी को देय कुल आरंभिक पारिश्रमिक लगभग रु. 14200/- प्रति माह है, जिसमें डी.ए. तथा महानगरों में मौज़ूदा दर पर अन्य भत्ते शामिल हैं.
3. **शैक्षणिक योग्यता : (01.08.2012 को)**

   i) न्यूनतम 12वीं कक्षा (10+2) या उसके समकक्ष योग्यता 60% अंकों के साथ (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों के लिए 55%).

   या

   ii) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि.

   सूचना :

   क) जिन उम्मीदवारों ने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, लेकिन 10वीं कक्षा के बाद डिप्लोमा कोर्स पास किया है वे उपर्युक्त भर्ती के लिए पात्र हैं, बशर्ते,

   1) 10वीं कक्षा के बाद पास किया हुआ डिप्लोमा कोर्स न्यूनतम दो वर्ष का पूर्णकालिक होना चाहिए (पत्राचार द्वारा डिप्लोमा करनेवाले पात्र नहीं होगें.)

   2) 10वीं कक्षा के बाद पास किया हुआ डिप्लोमा कोर्स सम्बंधित राज्य के राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मान्यताप्राप्त/ अनुमोदित होना चाहिए.

   ख) कक्षा 12वीं / डिप्लोमा कोर्स के अंकों का प्रतिशत उम्मीदवार द्वारा सभी विषयों में प्राप्त किए गये अंकों को सभी विषयों के कुल अधिकतम अंकों से विभाजित करके निकाला जायेगा. भले ही अध्ययन किए गए वैकल्पिक/अतिरिक्त विषय कुछ भी रहे हों, बोर्ड/विश्वविद्यालय ने यदि ग्रेस अंक प्रदान किए हैं, तो वे प्रतिशत निकालते समय शामिल नहीं किए जाएंगे. योग्यता परीक्षा पास करने की तारीख वही मानी जायेगी, जो विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी अंक तालिका या अनंतिम प्रमाणपत्र पर दी हुई है या विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा वेबसाईट पर दी हुई है.

   ग) एसएससी पास भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने भारतीय सेना के विशेष शैक्षणिक प्रमाणपत्र या भारतीय नौसेना/वायुसेना का समकक्ष प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, और संघ की भारतीय सेना में 01.08.2012 को15 वर्ष या अधिक की सेवा प्रदान की है, पात्र हैं, ऐसे प्रमाणपत्र दि. 31.12.2012 या उसके पूर्व प्राप्त किए हुए होने चाहिए.

   घ) उम्मीदवार अंग्रेजी में धाराप्रवाह रूप से लिखने और बोलने में सक्षम होना चाहिए.

   ङ) स्थानीय भाषा का ज्ञान अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी.
   (साक्षात्कार के समय कुछ प्रश्न स्थानीय भाषा में पूछे जा सकते हैं, ताकि स्थानीय भाषा के बारे में उम्मीदवार की जानकारी के स्तर का पता चल सके.)
4. **आयु : (01.08.2012 को)**

   i) न्यूनतम आयु : 18 वर्ष, अधिकतम 28 वर्ष (01.08.2012 को) जिन उम्मीदवारों का जन्म 02.08.1984 और 01.08.1994 के मध्य हुआ है केवल वही आवेदन के लिए पात्र हैं.

   ii) उच्चतम आयुसीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी.

अनु. क्र.	श्रेणी	आयु में छूट
1.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	5 वर्ष
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.)	3 वर्ष
3.	पीडब्ल्यूडी (सामान्य)	10 वर्ष
4.	पीडब्ल्यूडी (अ.जा./अ.ज.जा.)	15 वर्ष
5.	पीडब्ल्यूडी (अन्य पिछड़ा वर्ग)	13 वर्ष
6.	जो व्यक्ति जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक रहे हों.	सा. : 5 वर्ष अ.पि.व. : 8 वर्ष अ.जा. / अ.ज.जा : 10 वर्ष

अगले पृष्ठ पर जारी...

पिछले पृष्ठ से जारी...

7.	भूतपूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक	रक्षा सेवा की वास्तविक सेवा अवधि + 3 वर्ष, (8 वर्ष शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं.) अधिकतम आयु 50 वर्ष
8.	विधवा, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पतियों से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनःविवाह नहीं किया है.	9 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अपिव के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष)

iii) **आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को यदि वह इस योग्य पाए जाते हैं तो जरूरी प्रमाण-पत्र (त्रों) की प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी होंगी.**

iv) **संचयी आयु छूट उपरोक्त मदों के अंतर्गत या किसी अन्य मद के साथ संयुक्त रूप में उपलब्ध नहीं होगी.**

5. **परिभाषा :**

भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा : केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 36034/5/85 ईएसटीटी (एससीटी) दिनांकित 27 अक्तूबर 1986 के अनुसार निर्धारित और समय-समय पर संशोधित की गई परिभाषा को पूरा करते हों.

शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक : वे भूतपूर्व सैनिक जो संघ की सशस्त्र सेना में दुश्मनों के विरुद्ध अभियान के दौरान अथवा अशांत क्षेत्र में शारीरिक रूप से अशक्त हुए हों, उन्हीं को शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा.

शहीद सैनिकों के आश्रित : निम्नलिखित सैन्य कार्रवाई में शहीद सैनिकों को सैन्य सेवा संबंधी सैन्य कार्रवाई में शहीद माना जाएगा; (क) युद्ध, (ख) युद्ध जैसी सैन्य कार्रवाई या सीमा पर होने वाली मुठभेड़ चाहे पाकिस्तान से युद्ध विराम रेखा पर या किसी अन्य देश से, (ग) सशस्त्र शत्रुओं की घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई जैसे नगालैंड, मिजोरम आदि में, (घ) विदेशों में शांति सेना अभियान के दौरान, (ङ) सुरंगे बिछाने या साफ करने, शत्रुओं की सुरंगे भी. साथ ही सैन्य कार्रवाई होने के एक माह पहले से पूर्व व तीन माह बाद तक की अवधि के बीच सुरंग सफाई अभियान भी, (च) वास्तविक सैन्य कार्रवाई के दौरान या सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के दौरान हिमाघात, (छ) आंदोलनरत अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और (ज) श्रीलंका में सैन्य कार्रवाई के दौरान शहीद आईपीकेएफ कार्मिक.

सूचना : 1) (i) सशस्त्र बलों से रिलीज़/ सेवानिवृत्त हुए उम्मीदवारों को, इस विज्ञापन में संलग्न प्रारूप 'ए' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा, (ii) जो उम्मीदवार अभी भी सशस्त्र बलों में कार्यरत हैं, और भूतपूर्व-सैनिक श्रेणी में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें घोषणा (प्रारूप 'सी') के साथ स्पेसिफिक अपने पीरियड ऑफ़ एंगेजमेंट (एसपीई) पूरा होने की तिथि दर्शाते हुए सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र (प्रारूप 'बी') जमा कराना होगा. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए सिर्फ़ वही उम्मीदवार पात्र हैं जिनका एसपीई 31.08.2013 को या उससे पहले पूरा होता है. बैंक में कार्यग्रहण करते समय उन्हें रिलीज़ पत्र और इस बात की स्व-घोषणा देनी होगी कि, भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व-सैनिकों को मान्य लाभ पाने का वह पात्र हैं, (iii) जो उम्मीदवार **अपने एंगेजमेंट की आरंभिक अवधि पूरी कर चुके हैं और विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं,** उन्हें प्रारूप 'डी' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा. उपरोक्त (ii) और (iii) में वर्णित उम्मीदवारों का चयन होने पर, उन्हें 31.10.2013 से पूर्व रिलीज़ होकर बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा. यह प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साक्षात्कार के समय जमा कराने होंगे.

2) जो भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार केंद्र सरकार के समूह ग और घ के अंतर्गत नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें उम्र में छूट का लाभ केंद्र सरकार के अंतर्गत समूह ग/घ में उच्च श्रेणी या संवर्ग में अन्य नौकरी के लिए पूर्व सैनिकों हेतु निर्धारित किए गए अनुसार मिलेगा, परंतु ऐसे उम्मीदवार केंद्र सरकार की नौकरियों में पूर्व सैनिकों हेतु आरक्षण के लाभ के पात्र नहीं होंगे.

3) प्रादेशिक सैन्य कार्मिक को 15.11.1986 से भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा.

4) अपनी भूतपूर्व सैनिक स्थिति का उपयोग कर सिविल क्षेत्र में सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके भूतपूर्व सैनिक को दोबारा सरकारी नौकरी के लिए भूतपूर्व सैनिक नहीं माना जायेगा.

5) कार्रवाई में मारे गए सैन्यकर्मियों के आश्रित, अशक्त भूतपूर्व सैनिकों तथा कार्रवाई में मारे गए सैन्यकर्मियों को मिलाकर उपलब्ध आरक्षण में कुल रिक्तियों के 4.5% आरक्षण हेतु पात्र होंगे. नियुक्ति के मामले में पहली प्राथमिकता अक्षम भूतपूर्व सैनिकों को तथा दूसरी प्राथमिकता कार्रवाई में मारे गए प्रतिरक्षा कर्मियों या गंभीर रूप से अशक्त (प्रतिरक्षा सेवा के कारण 50% से अधिक अशक्तता वाले) के दो आश्रितों को दी जाएगी. इस रियायत के लिए परिवार के सदस्य में उसकी विधवा, पुत्र, पुत्री या उसके परिवार को सहारा देने को राज़ी निकट रिश्तेदार शामिल होंगे. भूतपूर्व सैनिकों/अशक्त भूतपूर्व सैनिकों को उपलब्ध ऊपरी सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता में रियायत, कार्रवाई में मारे गए सैन्यकर्मियों के आश्रितों को नहीं मिलेगी.

6. **शारीरिक रूप से अशक्त (शा.अ.) व्यक्तियों के लिए आरक्षण :**

अशक्त (शारीरिक रूप से अशक्त) व्यक्तियों के लिए अशक्त व्यक्तियों (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा एवं पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम 1995 (1996 का 1) की धारा 33 के अंतर्गत रिक्त-पद शासकीय नियमानुसार आरक्षित हैं. उपर्युक्त अधिनियम में दी गई परिभाषा के अनुसार निम्न अशक्तता वाले उम्मीदवार सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं:

अ) दृष्टिहीन ब) अल्प दृष्टि क) श्रवणबाधा ड) लोकोमोटर डिसेबिलिटी या सेरेबल पाल्सी.

केवल वे उम्मीदवार आरक्षण/सेवा के पात्र होंगे, जो 40% से कम अशक्त नहीं हैं, जिस व्यक्ति को आरक्षण का लाभ पाना है, उसे केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड से अशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. **यह प्रमाणपत्र पंजीकरण की अंतिम तिथि 13.08.2012 का या इससे पूर्व का होना चाहिए.**

अशक्तता के निम्नांकित वर्गों में आनेवाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं:

ओए – एक हाथ प्रभावित (बायां या दाहिना) (क) दुर्बलता, (ख) कमजोर पकड़, (ग) गतिक्रम क्षीणता **बीएल** – दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ नहीं, **ओएल** – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां) **पीडी** – आंशिक बधिर, **डी** – बधिर, **बी** – दृष्टिहीन, **एलवी**–अल्प दृष्टि.

7. दृष्टिहीन/अल्प दृष्टि उम्मीदवार, दोनों हाथों और भुजाओं को हिलाने में दुर्बल उम्मीदवार और सेरेबल पाल्सी के कारण लेखनगति में बाधा अनुभव करने वाले उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अपने खर्च पर लेखक का उपयोग कर सकते हैं. लेखक का उपयोग करने के सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगे :

i) उम्मीदवार को लेखक की व्यवस्था स्वयं और अपने खर्च पर करनी होगी.

ii) लेखक की शैक्षिक अर्हता उम्मीदवार के लिए निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदण्ड से एक दर्जा कम होनी चाहिए. (11वीं या इससे कम)

iii) लेखक किसी भी शिक्षा क्षेत्र से हो सकता है.

iv) उम्मीदवार और लेखक दोनों को निर्धारित प्रारूप में लेखक के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ उपयुक्त वचन-पत्र देते हुए पुष्टि करनी होगी कि लेखक उपरोक्तानुसार सभी निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करता है. इसके अलावा, यदि बाद में पता चले कि वह निर्धारित पात्रताओं में कोई भी शर्त पूरा नहीं करता/करती है या उसने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है, तो आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी, चाहे लिखित परीक्षा का परिणाम कुछ भी रहे.

v) लेखक का उपयोग करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के हर घंटे के लिए 20 मिनिट का अतिरिक्त समय मिलेगा.

8. **परिवीक्षा अवधि :** नवनियुक्त कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि न्यूनतम छह माह होगी. परिवीक्षा अवधि समाप्त होने से पहले नये भर्ती किये गये कर्मचारियों के कार्य निष्पादन की जांच होगी और जिनका निष्पादन बैंक की अपेक्षानुसार नहीं होगा उनकी परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जा सकती है.

9. आवेदन शुल्क और/अथवा सूचना प्रभार (गैर-वापसी योग्य)

अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/भू.सै. सूचना शुल्क	अपिव/सामान्य सूचना शुल्क+आवेदन शुल्क
रु. 50/-	रु. 350/-

एक बार शुल्क जमा करने के बाद न तो वह वापस किया जाएगा और न ही किसी भविष्य के भर्ती प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित किया जायेगा. क्रमांक 15 के अन्तर्गत दिए गए निर्देशों के अनुसार शुल्क भुगतान करने का विकल्प भी प्राप्त है.

10. **चयन प्रक्रिया :**

सभी पात्र उम्मीदवारों को पंजीकरण हेतु अन्तिम तिथि से पूर्व ऑन-लाइन आवेदन करना चाहिए.

क) अंतिम चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के समग्र आधार पर किया जाएगा. केवल पात्रता मानदंड पूरे करने से ही वह लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं होता है.

ख) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसमें (i) सामान्य सचेतता (ii) सामान्य अंग्रेजी (iii) संख्यात्मक अभियोग्यता (iv) तर्क शक्ति (v) विपणन कार्य में क्षमता / कम्प्यूटर ज्ञान शामिल होगा. वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के प्रश्न सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर दो भाषाओं यानी अंग्रेजी और हिन्दी में छपे होंगे.

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक होंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 अंक काट लिए जायेंगे. उम्मीदवारों को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा.

प्रत्येक परीक्षा में उत्तीर्णांक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे, जो प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों की प्रत्येक परीक्षा में सामूहिक प्रदर्शन से लेकर न्यूनतम आवश्यक स्तर को प्रत्येक परीक्षा के साथ मिलाने के आधार पर तय किए जाएंगे. उम्मीदवारों को साक्षात्कार का पात्र बनने के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम प्रतिशत अंक भी अर्जित करने होंगे. (अजा/अजजा/अपिव/पीडब्ल्यूडी/पू. सै. उम्मीदवारों को इस पर 5% छूट मिलेगी). कुल न्यूनतम प्रतिशत अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

ध्यान दें :

i) लिखित परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी 'अक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका में दी जाएगी जो परीक्षा के बुलावा पत्र के साथ पात्र उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाएगी.

ii) साक्षात्कारः रिक्त पदों की संख्या के आधार पर योग्यता क्रम में उच्च स्थान प्राप्त करने वालों में से निश्चित संख्या (अधिकतम रिक्त-पदों का तीन गुना) में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. जो उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य माने जाएंगे उन्हें चयन हेतु विचार करने के लिए साक्षात्कार में न्यूनतम प्रतिशत अंक (बैंक द्वारा तय किए जाएंगे) प्राप्त करना आवश्यक है (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व/शा.अ. के लिए 5% की छूट होगी). अंतिम चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में उम्मीदवार के समग्र निष्पादन के आधार पर ही किया जाएगा.

11. **लिखित परीक्षा की तिथि : 07.10.2012 तथा 14.10.2012 (रविवार)**

परीक्षा की तिथि बदलने का अधिकार बैंक को होगा. आवश्यक होने पर बैंक दो से अधिक तिथियों पर परीक्षा आयोजित कर सकता है.

12. **लिखित परीक्षा के लिए बुलावा पत्र :**

दिनांक 24.09.2012 के बाद बैंक की वेबसाइट से अपना पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड/जन्म तिथि डालकर उम्मीदवारों को अपना बुलावा पत्र और 'अक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करनी होगी. बुलावा पत्र/'अक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका की कागजी प्रति डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

13. **परीक्षा केंद्र :**

अनु. क्र.	राज्य	केंद्र	परीक्षा केंद्र का कोड
1	आंध्र प्रदेश	हैदराबाद	11
		तिरुपति	12
		विजयवाडा	13
		विशाखापट्टनम	14
2	चंडीगढ़	चंडीगढ़	15
3	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	16
		रायपुर	17
4	दिल्ली	नई दिल्ली	18
5	गोवा	पणजी	19
6	गुजरात	अहमदाबाद	20
		राजकोट	21
7	हरयाणा	अम्बाला	22
		करनाल	23
8	हिमाचल प्रदेश	पालमपुर	24
		शिमला	25
9	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	26
		श्रीनगर	27
10	झारखंड	रांची	28
11	कर्नाटक	बंगलूर	29
		गुलबर्गा	30
		हुबली	31
		मंगलूर	32
		मैसूर	33
12	केरल	कोच्ची	34
		कोट्टयम	35
		कोजिकोड	36
		तिरुवनन्तपुरम	37
13	मध्य प्रदेश	भोपाल	38
		जबलपुर	39
14	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	40
		मुंबई	41
		नागपुर	42
		पुणे	43
15	ओडिसा	भुवनेश्वर	44
16	पंजाब	जालंधर	45
		लुधियाना	46
		पटियाला	47
17	पॉन्डिचेरी	पॉन्डिचेरी	48
18	राजस्थान	अजमेर	49
		जयपुर	50
		जोधपुर	51
		उदयपुर	52
19	तमिलनाडु	चेन्नई	53
		कोयम्बतूर	54
		मदुराई	55
		त्रिचिरापल्ली	56
20	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	57
		वाराणसी	58
21	पश्चिम बंगाल	आसनसोल	59
		कोलकाता	60

उम्मीदवार अपने ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उस केन्द्र का नाम व कोड संख्या का उल्लेख करें जिस केन्द्र में वह परीक्षा देना चाहता/चाहती हो. लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय व जोखिम पर उपस्थित होना होगा और किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा. **किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र के चुनाव में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया आएगा. बैंक के पास अपने विवेकाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को हटाने या नया परीक्षा केन्द्र को शामिल करने या परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है. जिन राज्यों में रिक्त पदों के संबंध में विज्ञापन नहीं दिया गया है, उन राज्यों में परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी.**

13. अ) भारत सरकार द्वारा जारी किए दिशा - निर्देशों के अनुरूप अनुसूचित जाति/जनजाति/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय एवं भूतपूर्व सैनिक के उम्मीदवारों के लिए कतिपय केंद्रों पर परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था बैंक द्वारा की जा सकती है. उपयुक्त श्रेणी के उम्मीदवार जो अपने स्वयं के खर्च पर ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे इस आशय की सूचना आवेदन पत्र में दे सकते हैं. नीचे दिए प्रशिक्षण केंद्र केवल संकेत के लिए हैं. कुछ अतिरिक्त केंद्रों पर प्रशिक्षण आयोजित करने अथवा प्रशिक्षण के लिए सूचित कुछ केंद्रों को हटाने का विवेकाधिकार बैंक को होगा. **परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण का चयन करनेवाले उम्मीदवार अपना पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके 07.09.2012 के बाद प्रशिक्षण के लिए अपने बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं.**

अगले पृष्ठ पर जारी...

पिछले पृष्ठ से जारी...

बैंक का नाम	परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
एसबीबीजे	बीकानेर, उदयपुर
एसबीएच	सिकन्दराबाद, वारांगल, औरंगाबाद
एसबीएम	बंगलूर, मैसूर
एसबीपी	चंडीगढ़, पटियाला
एसबीटी	तिरुवनन्तपुरम, एर्णाकुलम

14. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संबंधित परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित होने के लिए यात्रा, भोजन, ठहरने आदि से संबंधित सभी व्यय उम्मीदवार को वहन करने होंगे.

15. आवेदन कैसे करें : ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए निर्देश (नोटः **उम्मीदवार का अपना वैध ई–मेल पता होना चाहिए जिससे उन्हें ई–मेल द्वारा बुलावा पत्र/साक्षात्कार हेतु सूचना मिलने में सहायता होगी).**

विकल्प I : शुल्क का भुगतान (आफलाइन)

i) नीचे फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिए निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार सर्वप्रथम फोटोग्राफ व हस्ताक्षर स्कैन कर लें.

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in पर जाएं एवं उचित ऑनलाइन आवेदन प्ररूप को खोलें.

iii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन फॉर्म को सावधानी से भरें. यदि उम्मीदवार एक साथ डेटा (सूचनाएं) नहीं भर सके तो वह भरी जा चुकी सूचनाएं सेव कर सकते हैं. सूचनाएं (डेटा) सेव करने पर सिस्टम द्वारा अस्थाई रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड जेनरेट किया जाएगा जो स्क्रीन पर डिस्प्ले होगा. उम्मीदवार इस रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड को लिख लें. यह रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्रयोग करके वह सेव किए डेटा को वापस खोल सकते हैं और ज़रूरी हो तो उसे संशोधित कर सकते हैं. यह सुविधा सिर्फ़ तीन बार उपलब्ध है. आवेदन को पूरी तरह भरने के बाद उम्मीदवार फॉर्म को सबमिट (जमा) कर सकता है. फिर उम्मीदवार, सिस्टम जेनरेटेड फीस भुगतान चालान का तुरंत प्रिंट आउट लें. **इसके बाद कोई भी संशोधन/परिवर्तन मान्य नहीं होगा. इस चरण पर रजिस्ट्रेशन अस्थायी है.**

iv) **शुल्क भुगतानः पंजीयन तिथि के बाद दूसरे कार्यदिवस से शुल्क भुगतान स्वीकार किया जायेगा और तीन कार्यदिवस के अन्दर भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में शुल्क का भुगतान किया जा सकता है. शुल्क जमा करने हेतु सिस्टम से तैयार चालान ही प्रयोग में लाया जायेगा. जैसे ही शुल्क का भुगतान किया जाएगा, वैसे ही पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी.**

v) शुल्क भुगतान की तिथि से तीन कार्य दिवस बाद उम्मीदवार पंजीयन की पुष्टि ई–मेल/एसएमएस द्वारा प्राप्त करेगा. पंजीयन पुष्टि प्राप्त करने हेतु, कृपया सही मोबाइल संख्या एवं ई–मेल पता भरना सुनिश्चित कर लें.

vi) फीस भुगतान के तीन दिन बाद जमा किए आवेदन के साथ फीस विवरण को रीप्रिंट करने का भी उम्मीदवार के पास प्रावधान रहेगा. आवेदन फॉर्म और फीस रसीद का प्रिंटआउट उम्मीदवार अपने पास रखें. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर इसे जमा कराना होगा.

विकल्प II : शुल्क भुगतान (ऑनलाइन)

i) **उम्मीदवार ऊपर विकल्प–1 के (i) से (iii) तक के निर्देशों का अनुपालन करें.**

ii) आवेदन पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार, आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से भुगतान करना होगा. उसके बाद कभी भी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii) स्क्रीन पर माँगी जा रही जानकारी देते हुए मास्टर/वीसा डेबिट/क्रेडिट कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग का प्रयोग कर शुल्क का भुगतान किया जा सकता है. ऑन–लाइन भुगतान हेतु लेनदेन व्यय उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जायेगा.

iv) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा जिसका प्रिन्टआउट अपने रिकार्ड हेतु ले लें.

v) यदि ऑन–लाइन लेनदेन (Transaction) सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें और ऑन–लाइन भुगतान करें.

उम्मीदवार द्वारा बैंक को आवेदन फॉर्म भेजने की ज़रूरत नहीं है.

15अ **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिग के लिए निर्देश :**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को अनुलग्नक–**I** में दिए गए विशेष विवरणों के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर को स्कैन (डिजिटल) करना होगा.

16 जब तक आपका फोटो और हस्ताक्षर निर्धारित विधि से अपलोड नहीं होगा तब तक आपके ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण नहीं होगा.

कृपया ध्यान दें :

क) अगर फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.

ख) उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने से पहले प्रक्रिया से निर्मित आवेदन का प्रिंट आउट ले लें.

ग) अगर फोटोग्राफ या हस्ताक्षर अस्पष्ट हो, तो उम्मीदवार आवेदन को एडिट करें और फोटो तथा हस्ताक्षर पुनः अपलोड करें. तथापि, संशोधन सुविधा तीन बार तक सीमित रहेगी जैसा पूर्व में उल्लेख किया गया है.

घ) **उम्मीदवार अपने आवेदन का प्रिंट आउट और शुल्क भुगतान रसीद अपने रिकार्ड के लिए रखें.**

ङ) **उम्मीदवार को बुलावा पत्र के साथ फोटो पहचान प्रमाणपत्र जैसे पासपोर्ट/पैनकार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/यूनिक आइडेंटिफिकेशन कार्ड (आधार)/विधिवत अनुप्रमाणित फोटो लगा हुआ बैंक पासबुक/स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र, मूल रूप में तथा उसकी स्व सत्यापित फोटोप्रति साथ लानी चाहिए. पहचान प्रमाणपत्र की फोटोप्रति को बुलावा पत्र और मूल भुगतान रसीद के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षकों को सौंपना होगा, ऐसा नहीं करने पर उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

17. **कदाचार के संबंध में दोषी पाए जाने वाले उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि आवेदन फार्म भरते समय वे कोई भी ऐसी जानकारी प्रस्तुत न करें जो गलत हो, जिसे तोड़ा–मरोड़ा गया हो, गढ़ा गया हो अथवा वे किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छिपाएं.

लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय यदि कोई उम्मीदवार : (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करता है या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर या छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देता है या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करता है या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग) उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाता है या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेता है या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेता है, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही :

क) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे **अयोग्य** घोषित कर दिया जाएगा.

ख) भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई के केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए **वंचित** कर दिया जाएगा.

ध्यान दें: बैंक समरूपता के पैटर्न की पहचान करने के लिए परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ किसी उम्मीदवार के जवाबों का विश्लेषण करेगा. ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह संदेह होता है कि उत्तर आपस में मिलाए गए हैं तथा प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार बैंक को प्राप्त होगा.

18. **सामान्य सूचना :**

i) इस पद के लिए ऑन लाइन आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथि को उपर्युक्त उल्लिखित पात्रता एवं अन्य मानदण्डों को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सभी तरह से सही हैं. भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लगने पर कि उम्मीदवार पात्रता संबंधी मानदंड पूरा नहीं करता/करती है तथा/अथवा उसने झूठा/गलत विवरण दिया है या महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. इनमें से किसी कमी का पता यदि उसकी नियुक्ति के बाद लगता है, तो उसे सेवा से तत्काल निकाल दिया जाएगा.

ii) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वह फीस जमा कराने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बगैर उससे काफ़ी पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट को लॉग ऑन में नाकामी/अक्षमता/ डिस्कनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.

iii) उपरोक्त कारणों या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य किसी भी कारण से अंतिम तिथि से पहले उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन न जमा करा पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.

iv) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ऑन लाइन पंजीकरण स्वयं करें.

v) उम्मीदवारों का चयन मुख्यतः लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा. जहाँ भी आवश्यक समझा जाएगा, बैंक को किसी भी पद के लिए कौशल परीक्षा/कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने संबंधी निर्णय लेने का अधिकार होगा तथा बैंक के पास अपने विवेकाधिकार से किसी भी केन्द्र को जोड़ने या किसी केन्द्र को हटाने का अधिकार सुरक्षित है.

vi) लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पूरी तरह से अनन्तिम होगा और इसके लिए उम्मीदवार की आयु/शैक्षणिक योग्यता/श्रेणी (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/एक्सएस) आदि से संबंधित दस्तावेजों की जांच नहीं की जाएगी.

vii) साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को आयु/योग्यता/श्रेणी आदि से संबंधित दस्तावेज साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे. अनु. जाति/अनु. जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवार को जाति प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में और सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करना होगा जिसमें उम्मीदवार की जाति, उस अधिनियम/आदेश का जिसके अंतर्गत वह जाति एससी/एसटी/ओबीसी के रूप में स्वीकार की गई है. और उस गांव/कस्बा जिसका उम्मीदवार मूल निवासी है, उसका उल्लेख किया हुआ होना चाहिए.

viii) ओबीसी के रूप में आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवार को निर्धारित प्ररूप में इस बात की घोषणा देनी होगी कि दिनांक 13.08.2012 को वह क्रिमी लेयर से संबंधित नहीं है. गैर–क्रिमी लेयर उपबंध वाला ओबीसी प्रमाणपत्र 01.04.2012 से 31.03.2013 की अवधि के दौरान जारी किया हुआ होना चाहिए.

ix) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत हैं, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा. ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं होगा और उम्मीदवार को यात्रा भत्ता यदि अन्यथा स्वीकार्य हो, तो नहीं दिया जाएगा.

x) किसी भी उम्मीदवार को कैलक्यूलेटर, मोबाइल, पेजर आदि उपकरणों को परीक्षा हॉल में ले जाने की अनुमति नहीं होगी.

xi) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के उत्तर सामान्य अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर हिंदी या अंग्रेजी में लिखने का विकल्प उपलब्ध है.

xii) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए अपने खर्चे से उपस्थित होना होगा. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को नजदीकी मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल और बस का आने–जाने का किराया दिया जाएगा. बशर्ते वे अपने यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करें (रेल/बस टिकट/रसीद आदि.).

xiii) बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उसके शारीरिक रूप से सक्षम होने के अधीन होगी. यह नियुक्ति बैंक की सेवा शर्तों और नियमों के अध्यधीन भी होगी.

xiv) नये भर्ती होने वाले उम्मीदवारों में मार्केटिंग के लिए सहज प्रवृत्ति होनी चाहिए और उन्हें ग्राहकों से सम्पर्क करना होगा तथा बैंक परिसर के अन्दर तथा बाहर बैंकिंग सेवाएं, सलाहकारी सेवाएं तथा परस्पर बिक्री उत्पाद आदि प्रदान करना होगा. कार्यों में गहन बाहरी यात्रा शामिल होगी. आवश्यकता के आधार पर लचीला कारोबार समय तथा पारियों में कार्य हो सकता है.

xv) **पात्रता, लिखित परीक्षा का संचालन, अन्य जांच, साक्षात्कार, चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्य होंगे. इस बारे में बैंक किसी भी पत्राचार या प्रतिवेदन पर विचार नहीं करेगा.**

xvi) इस विज्ञापन तथा/अथवा इससे संबंधित आवेदन पत्रों से उत्पन्न किसी दावे/विवाद के मामले में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही चलाई जाएगी. केवल मुंबई के न्यायालय/न्यायाधिकरण/मंच के अधिकार क्षेत्र में इन मामलों/विवादों की सुनवाई होगी.

xvii) चयनित उम्मीदवार नियुक्ति के समय लागू सेवा नियमों और शर्तों के अधीन होंगे.

xviii) **मोबाइल फोन, पेजर, कलक्यूलेटर या ऐसे अन्य उपकरणों का उपयोगः**

परीक्षा परिसर में प्रवेश से पूर्व उम्मीदवार निम्न बातों का अनुपालन सुनिश्चित कर लें.

क) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जायेगी.

ख) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया या सकता.

ग) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

xix) लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पूरी तरह अनन्तिम होगा. उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी करने मात्र से यह साबित नहीं होता है कि इससे उनकी उम्मीदवारी को बैंक ने अंतिम रूप से अनुमति दे दी है.

किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा.

मुंबई : 400 021 — **महाप्रबंधक**

दिनांक : 25.07.2012 — **(सीआरपीडी)**

बैंक मुद्रण संबंधी किसी भी त्रुटि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

प्रारूप – ए

कार्यमुक्त/सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म

यह प्रमाणित किया जाता है कि क्र.....रैंक.....नाम.....जिनकी जन्मतिथि..... है, ने थलसेना/नौसेना/वायु सेना में.....से.....तक अपनी सेवाएं प्रदान की हैं.

2. वह सैन्य सेवाओं से कार्यमुक्त हुए हैं:

% क) असाइन्मेंट पूरा होने पर, परंतु निम्न कारणों से नहीं

(i) बर्खास्तगी द्वारा, या

(ii) दुर्व्यवहार या अकार्यकुशलता के कारण सेवा से अलग करने पर, या

(iii) उनके स्वयं के आग्रह पर, लेकिन अपनी पेंशन अर्जित किए बिना, या

(iv) ऐसी रिलीज़ लंबित रहने तक वह रिज़र्व को स्थानांतरित नहीं किया गया है.

% ख) सैन्य सेवा के कारण शारीरिक विकलांगता के कारण.

% ग) सैन्य सेवा के कम से कम पांच वर्ष में रखने के बाद अशक्तता पर

3. उसे भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुन:नियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत शामिल किया गया है.

स्थान: — **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: — **मुहर**

% लागू न हो वह पैराग्राफ काट दें.

प्रारूप – बी

सेवारत कर्मचारी के प्रमाण–पत्र हेतु फॉर्म

(उन सेवारत कर्मचारियों के लिए लागू जो एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले हैं)

यह प्रमाणित किया जाता है कि, क्र..... रैंक.....नाम..... थलसेना/नौसेना/वायुसेना में.....से सेवारत हैं.

2. वह असाइन्मेंट की निर्दिष्ट अवधि पूरी होने पर कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएंगे.

3. उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला बकाया नहीं है.

स्थान: — **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: — **मुहर**

अगले पृष्ठ पर जारी...

पिछले पृष्ठ से जारी...

प्रारूप– सी

एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले सेवारत सशस्त्र बल कर्मचारी द्वारा दिया जाने वाला शपथपत्र

(1) मैं यह जानता हूं कि, इस आवेदन–पत्र से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर, मेरी नियुक्ति, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को संतोषजनक दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करने के अधीन होगी, कि मैं सशस्त्र बलों से बकायदा कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हूं और मैं भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुन:नियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत मान्य लाभों के लिए पात्र हूं.

(2) मैं यह भी जानता हूं कि इस परीक्षा में शामिल किए गए भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त पद के लिए उस स्थिति में नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा जब ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी मैंने, भूतपूर्व सैनिकों के लिए मान्य रिक्तपदों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय/वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया हो.

स्थान:

दिनांक: **उम्मीदवार के हस्ताक्षर व नाम**

प्रारूप– डी

अपना आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके और विस्तारित असाइन्मेंट पर कार्यरत ईसीओ/एसएससीओ के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म

यह प्रमाणित किया जाता है कि, क्र.....रैंक..... नाम..... जिनकी जन्मतिथि..... है,..... से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में सेवारत हैं.

2. वह..... को अपना पांच वर्ष का आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके हैं और..... तक विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं.

3. सिविल रोजगार के लिए उनके आवेदन करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और चयनित होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से उन्हें तीन माह की सूचना में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

स्थान: **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: **मुहर**

*** आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी हैं:*

(अ) ***ईसीओ/एसएससीओ सहित कमिशन्ड अधिकारियों के मामले में: थलसेना:*** *मिलिट्री सेक्रेटरी ब्रांच, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली;* ***नौसेना:*** *कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली;* ***वायुसेना:*** *कार्मिक अधिकारियों का निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली.*

(ब) ***जेसीओ/ओआर और नौसेना तथा वायुसेना के समकक्ष पदों के लिए: थलसेना:*** *विभिन्न रेजिमेंट रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा;* ***नौसेना:*** *बीएबीएस, मुंबई;* ***वायुसेना:*** *वायुसेना रिकॉर्ड्स, नई दिल्ली*

अनुलग्नक I

(i) फोटोग्राफ इमेज :

- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का रंगीन और नवीनतम होना चाहिए.
- हल्की विशेषकर श्वेत पार्श्वभूमि युक्त रंगीन फोटोग्राफ.
- फोटोग्राफ के समय कैमरे की दिशा में तनावरहित सीधा चेहरा रखें.
- अगर फोटोग्राफ दिन के प्रकाश में हो, तो सूरज प्रतिमा के पीछे हो या आप अपने आप को छाया में रखे ताकि आप की आंखे छोटी न लगें और अन्य कोई छाया का आवरण उस पर ना हो.
- अगर आपको फ्लैश इस्तेमाल करना हो, तो उस पर 'रेड–आइ' न हो.
- अगर आप ऐनक का प्रयोग करते हैं, तो वहां प्रकाश परावर्तन न हो और आपकी आंखे स्पष्ट नजर आएं.
- टोपियां, हैट्स और काला चश्मा स्वीकार नहीं होगा. धार्मिक कारणों से पगड़ी जैसे वस्त्र की अनुमति है बशर्ते उससे आपका चेहरा न ढंके.
- परिमाप 200 x 230 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल की साइज 20 केबी – 50 केबी के बीच
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किये हुए फोटोग्राफ की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाइल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर के सेटिंग का समायोजन करें जैसेकि डीपीआई रिसोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि.

(ii) हस्ताक्षर इमेज

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक का हो, अन्य किसी का नहीं.
- हस्ताक्षर का उपयोग हॉल टिकट पर तथा अन्य आवश्यक जगह में होगा.
- अगर परीक्षा के समय आवेदक का उत्तर पुस्तिका पर किया गया हस्ताक्षर हॉल टिकट के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- परिमाप 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल की साइज 10 केबी – 20 केबी के बीच हो.
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई इमेज की साइज 20 केबी से अधिक न हो.

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :

- स्कैनर का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डाट्स पर इंच) पर रखें
- रंग को सही रंग के लिए सेट करें.
- ऊपर निर्दिष्ट किए अनुसार फाइल का साइज रखें.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के अनुसार स्कैनर की इमेज को रखें, अपलोड एडिटर से अंतिम साइज की फोटोग्राफ बनाएं. (जैसेकि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है.)
- इमेज फाइल जेपीजी या जेपीईजी फॉरमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम : इमेज 01. जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी. इमेज का आकार फोल्डर फाइल लिस्टिंग से या माऊस को फाइल इमेज आइकॉन पर घुमाने से आजमाया जायेगा.

ऐसे उम्मीदवार जो एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करते हैं और एम एस पैंट या एमएस ऑफिस मैनेजर इस्तेमाल करने से 50 केबी और 20 केबी यथोपरि आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉरमॅट में प्राप्त कर सकते हैं. फाइल मेनू में सेव एज विकल्प लेकर किसी भी फारमैट में स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीजी फारमैट में सेव किया जा सकता है. क्रॉप का इस्तेमाल करके फोटो की साइज 50 केबी से और हस्ताक्षर की साइज 20 केबी से कम तक घटाई जा सकती है. उसके पश्चात इमेज मेनू में पुनः साइज सेट करें (कृपया पिक्सेल साइज के लिए बिंदु (1) और (2) देखें). इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं.

अगर फाइल साइज और फारमैट निर्धारित प्रकार के नहीं हैं, तो त्रुटि का संदेश दिखाई देगा.

ऑन लाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा.

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्यविधि

i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होगा.
ii) अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के संबंधित लिंक पर क्लिक करें.
iii) जहां पर स्कैन किए हुए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर फाइल सेव की गई है, उस स्थान को ब्राउज कर चयनित करें.
vi) क्लिक करके फाइल चयनित करें.
v) 'अपलोड' बटन क्लिक करें.